दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, गुरूवार 25 जुलाई 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-293

# ट्रम्प के दावे पर पीएम के स्पष्टीकरण की मांग को लेकर विपक्ष का लोकसभा में हंगामा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कर्नाटक में सियासी घमासान और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कश्मीर मुद्दे पर दिए गए बयान पर विपक्ष का हंगामा लोकसभा में दूसरे दिन भी जारी है। आज सुबह लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल के सांसदों ने वेल में आकर नारेबाजी करना शुरू कर दिया। उन्होंने सदन में प्रधानमंत्री जवाब दो और प्रधानमंत्री सदन में आओ के नारे लगाए। कांग्रेस सांसदों की मांग है कि कश्मीर मुद्दे पर डोनाल्ड ट्रंप के विवादित बयान पर प्रधानमंत्री मोदी जवाब दें।



राज्यसभा में आज सूचना का अधिकार संशोधन विधेयक चर्चा के लिए प्रस्तुत होगा। इस विधेयक को लोकसभा पहले ही पारित कर चुका है। इसके अलावा आज राज्यसभा में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण संबंधी विधेयक और में इंसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड में बदलाव से जुड़ा विधेयक पर चर्चा की शुरुआत होगी। इस विधेयक को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मंगलवार को सदन में प्रस्तुत किया था। एक तरफ सरकार जहां लंबित पड़े विधेयकों को पारित कराने में जुटी है वहीं दूसरी तरफ विपक्ष सरकार को घेरने की तैयारी में है।

संसद की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सासंद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की कश्मीर को लेकर की गई टिप्पणी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जवाब की मांग कर रहे हैं। विपक्षी सांसद सदन में प्रधानमंत्री जवाब दो के नारे लगा रहे हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने हंगामा कर रहे सांसदों से शांति की अपील की।

राज्यसभा में आज कुछ सदस्यों का छह साल का कार्यकाल पूरा हो रहा है जिसमें डी राजा, वी मैत्रेयन, के आर अर्जुन, आर लक्ष्मण, टी रत्नवेल शामिल हैं। डी राजा को कुछ दिनों पहले ही सीपीआई का महासचिव बनाया गया है। सदन में अन्य सदस्यों ने इन सभी नेताओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

राज्यसभा में एआईएडीएमके सांसद मैत्रेयन ने राज्यसभा में अपने कार्यकाल के पूरा होने पर विदाई भाषण दिया। जिस दौरान अपने 14 साल के संसदीय कार्यकाल को याद कर वह भावुक हो गए। उन्होंने अपनी पार्टी सहित सभी साथी नेताओं को धन्यवाद दिया।

यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी बुधवार सुबह लोकसभा पहुंचीं। जहां कुछ देर बाद वह कांग्रेसी सासंदों की बैठक में शामिल होंगी। बैठक में सरकार को घेरने का एजेंडा तैयार होगा। इस संसदीय सत्र के आखिरी बचे दिनों में विपक्ष और आक्रामक होगा।

## अगले 24 घंटे में दिल्ली, यूपी, हरियाण समेत कई राज्यों में भारी बारिश की संभावना

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय मौसम विभाग ने कहा है कि बुधवार से एक बार फिर दिल्ली और आसपास के इलाकों में बारिश होने के आसार है. आईएमडी के मुताबिक, मानसून फिर से मजबूत हो गया है और ये दिल्ली की ओर तेजी से बढ़ रहा है. इसके चलते 25 और 26 जुलाई को भारी बारिश का अनुमान है. हालांकि, पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में पहले से ही सामान्य से ज्यादा बारिश हुई है. ऐसे में अगले कुछ और दिनों में और बारिश होने से मुश्किलें बढ़ सकती है. ज्ञात हो कि कृषि मंत्री तोमर का कहना है कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक जून से सितंबर तक पूरे देश में सामान्य बारिश होने की संभावना है. खरीफ 2019 मौसम के दौरान अभी किसी भी राज्य सरकार ने सूखे के लिए आर्थिक मदद के लिए कोई जानकारी नहीं दी है. हालांकि मानसून में देरी हुई है, खरीफ फसलों की बुवाई शुरू हो चुकी है और इस स्तर पर उत्पादन गिरेगा, ऐसा अनुमान नहीं है. ऐसा नहीं है कि मानसून पूर्व कम बारिश से सूखे की स्थिति उत्पन्न होगी फिर भी सरकार स्थिति की पूरी निगरानी कर रही है और किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है.

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बाइक सवारों ने शख्स की गोली मारकर हत्या की

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर पूर्व दिल्ली के दुर्गापुरी चौक पर अज्ञात बाइक सवार हमलावरों ने एक शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी. मामला बुधवार सुबह का है. मौके पर पहुंची दिल्ली पुलिस ने व्यक्ति के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है. वहीं हमलावरों की तलाश की जा रही है. मामले में अभी जांच-पड़ताल जारी है.

### एमसीएल कोयला खदान में 4 मजदूरों के फंसे होने की आशंका

**भुवनेश्वर (आरएनएस)।** ओडिशा के तालचेर में महानदी कोलफिल्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) की एक कोयला खदान में भूस्खलन से करीब नौ मजदूर घायल हो गए हैं, जबकि चार मजदूरों के खदान में फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। एमसीएल के बयान के अनुसार, एमसीएल की तालचेर कोलफील्ड्स में भरतपुर कोयला खदान में नाइट शिफ्ट में काम करने वाले मजदूर भूस्खलन की चपेट में आ गए। उन्होंने कहा कि यह दुर्घटना मंगलवार की रात को 11.00-11.30 बजे के बीच तब हुई, जब भूमि का एक हिस्सा टूट कर गिर पड़ा और वहां काम कर रहे 13 मजदूर और मशीनें खदान में फंस गईं। घटना के बाद ही अन्य मजदूरों और बचाव दल ने तुरंत कार्रवाई शुरू की और नौ श्रमिकों को बचाया। उन्हें मामूली चोटें आई हैं। घायलों को इलाज के लिए तालचेर में कंपनी के सेंट्रल अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। वहीं चार लापता श्रमिकों को खोजने के लिए बचाव अभियान जारी है। एमसीएल के निदेशक (तकनीकी/संचालन) और निदेशक (कार्मिक) बचाव कार्य पर नजर रखने के लिए तालचेर पहुंच चुके हैं। वहीं दुर्घटना से क्षेत्र में तनाव व्याप्त हो गया है। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए जिलाधिकारी ने क्षेत्र में सुरक्षा बल की तैनाती की है।

### डीटीसी बस में सफर करने वाली हर महिला यात्री पर 10 रुपये खर्च करेगी दिल्ली सरकार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** बस और मेट्रो में महिलाओं से किए गए मुफ्त यात्रा के वादे पर अब दिल्ली सरकार ने काम करना शुरू कर दिया है. इसके लिए पहले बस में सफर करने वाली महिलाओं को लाभ मिलना शुरू होगा. योजना के तहत प्रत्येक महिला यात्री पर सरकार 10 रुपये खर्च करेगी. डीटीसी ने इसका प्रस्ताव बना कर परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत को भेज दिया है, उनकी मंजूरी मिलने के बाद इसे कैबिनेट के लिए भेज दिया जाएगा. इस योजना को तय करने से पहले सरकार के सामने सबसे बड़ी मुश्किल यह थी कि सब्सिडी का आधार क्या रखा जाए. अब जो प्रस्ताव बनाया गया है उसके आधार पर हर महिला यात्री को दस रुपये की सब्सिडी सरकार देगी. ऐसे में यदि आप 5 रुपये का सफर करते हैं या फिर 15 रुपये का, सरकार को एक स्तर की औसतन सब्सिडी महिला यात्री को देनी होगी. गौरतलब है कि दिल्ली की बसों में 40 लाख से ज्यादा लोग सफर करते हैं, ऐसे में सब्सिडी देने से सरकारी खजाने पर करीब 300 करोड़ रुपये का भार आएगा.

### अमेरिका की मध्य-पूर्व शांति योजना से होगा निश्चित विनाश : ईरान

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता के वरिष्ठ सलाहकार ने मंगलवार को कहा कि फिलिस्तीन मुद्दे के लिए अमेरिका की मध्य पूर्व शांति योजना से निश्चित विनाश होगा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए के हवाले से कहा कि अली अकबर बेलायती ने यह बयान ईरान दौरे पर आए हमास के उप प्रमुख सालेह अल-अरौरी से बैठक के दौरान दिया। वेलायती ने कहा, तेहरान का दौरा ऐसे महत्वपूर्ण समय में हुआ है जब अमेरिका की महत्वाकांक्षी योजना चर्चा के लिए तैयार है लेकिन यह निश्चित रूप से विनाश करेगी। उन्होंने कहा, इस्लामिक गणराज्य ईरान और फिलिस्तीनी लोगों के बीच रिश्ते जड़ों से जुड़े हुए हैं और प्रतिदिन मजबूत होते जा रहे हैं।

## केंद्र, सीबीआई और 5 राज्यों को भेजा नोटिस

### » अवैध बालू खनन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने अवैध बालू खनन में शामिल संस्थाओं के खिलाफ अभियोग की मांग करने वाली याचिका पर केन्द्र सरकार, सीबीआई और पांच राज्यों की सरकारों को बुधवार को नोटिस जारी किए हैं.



न्यायमूर्ति एस ए बोबडे की अगुवाई वाली बेंच ने केंद्र सरकार, केंद्रीय जांच ब्यूरो, तमिलनाडु, पंजाब, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश को नोटिस जारी किए हैं. सुप्रीम कोर्ट ने ये नोटिस उस याचिका की सुनवाई के दौरान जारी किए, जिसमें दावा किया गया है कि राज्यों में अनियंत्रित अवैध खनन पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है.

याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकीलों प्रशांत भूषण और प्रणव सचदेव ने बहस के दौरान न्यायालय से कहा कि अपेक्षित पर्यावरणीय मंजूरी के बिना राज्यों में रेत खनन हो रहा है. याचिका में सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया गया है कि वह सीबीआई को याचिका में उल्लेखित 'बालू खनन घोटालों पर मामले दर्ज करने और उनकी जांच करने' के आदेश दे.

## सड़कें, रेलवे ट्रैक जलमग्न, 3 कारों की टक्कर में 8 घायल

### » मुंबई में भारी बारिश

**मुंबई (आरएनएस)।** एक बार फिर मुंबई में आसमान से आफत की बारिश शुरू हो गई है। देर रात हुई मूसलाधार बारिश से मुंबई के कई इलाकों में पानी भर गया। मौसम विभाग ने पहले ही बारिश का अलर्ट जारी कर रखा है। हालात यह है कि तेज बारिश के कारण सड़कों पर वाहन चालकों का गाड़ी चलाना तक मुश्किल हो रहा है। बुधवार सुबह अंधेरी में लो विजिबिलिटी के कारण तीन कारें आपस में टकरा गईं। इस हादसे में आठ लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह अंधेरी फ्लाईओवर पर लो विजिबिलिटी के कारण तीन कारें आपस में टकरा गई, जिसके चलते आठ लोग घायल हो गए।



मॉनसूनी मौसम में भारी बारिश होने के कारण मुंबई के कई इलाकों में भारी जलजमाव की स्थिति बनी हुई है। भारी बारिश के कारण मुंबई की लाइफलाइन कहे जाने वाले रेल यातायात पर भी बुरा असर पड़ा है। कई मेन रेल ट्रैक्स पर पानी भर गया है। बीएमसी ने भी ट्वीट कर कहा है कि मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के भीतर आर्थिक राजधानी में भारी बारिश होने की आशंका जताई है।उल्लेखनीय है कि मॉनसून आते ही बारिश ने एक बार फिर मुंबई नगरी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मंगलवार रात हुई मूसलाधार बारिश के बाद शहर के कई इलाकों में पानी भर गया। इस बीच मौसम विभाग ने अगले दो दिन के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटों में मुंबई में तेज बारिश हो सकती है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, मुंबई में 24 जुलाई से 28 जुलाई तक भारी बारिश हो सकती है। मंगलवार रात तेज बारिश के बाद हिंदमाता इलाके में जलभराव हो गया। लोगों को घुटनों तक पानी से गुजरकर जाना पड़ रहा है। शहर के कई अन्य इलाकों में भी भारी बारिश से मुसीबत बढ़ गई है। इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मुंबई में भारी बारिश की चेतावनी जारी करते हुए मंगलवार को कहा कि चक्रवात की स्थिति के कारण शहर में अगले दो दिन भारी बारिश होगी।

## राजनाथ ने एनसीसी कैडेटों हेतु पुरस्कारों की संख्या बढ़ाने की मंजूरी दी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटों को दिए जाने वाले विभिन्न पुरस्कारों की संख्या मौजूदा 143 से बढ़ाकर 243 करने और विभिन्न श्रेणियों में नकद प्रोत्साहन में वृद्धि को मंजूरी दे दी है।

एनसीसी कैडेट अब 30,000 रुपये के दो रक्षा मंत्री पदक प्राप्त करने के पात्र होंगे। पहले 20,000 रुपये मूल्य का एक पदक दिया जाता था। कैडेटों को प्रत्येक 20,000 रुपये के चार रक्षा मंत्री प्रशस्ति पदक दिये जायेंगे। पहले 15,000 रुपये के मूल्य के तीन प्रशस्ति पदक दिये जाते थे। राजनाथ सिंह ने महानिदेशक की प्रशस्ति वतर्मान 102 से 200 करने की मंजूरी दी है।

रक्षा मंत्री ने विभिन्न श्रेणियों में एनसीसी कैडेटों के लिए 9 नए सर्वश्रेष्ठ कैडेट पुरस्कारों को भी मंजूरी दी है। इस तरह



इन पुरस्कारों की संख्या 27 हो गई है। प्रत्येक पुरस्कार के लिए नकद प्रोत्साहन में भी वृद्धि की गई है। ये पुरस्कार नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान प्रदान किए जाते हैं।

पुरस्कारों की संख्या और प्रोत्साहन में वृद्धि पुरस्कारों से जुड़े मूल्यों को बढ़ाने और कैडेटों की संख्या 2014 के 11,31,083 कैडेटों की तुलना में 2018 में बढ़कर 13,29,202 होने के कारण की गई है।

## पाकिस्तान के क्वेटा में विस्फोट, दो की मौत, 25 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिम क्वेटा शहर में मंगलवार रात बम विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गयी तथा 25 अन्य लोग घायल हो गये।



क्वेटा सिविल अस्पताल के प्रवक्ता वसीम बैग ने बताया कि घायलों की स्थित स्थिर है और उन्हें सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा मुहैया करायी जा रही है।

पुलिस उप महानिरीक्ष अब्दुल रज्जाक चीमा ने मीडिया को बताया कि यह घटना देश के दक्षिण-पश्चिम प्रांत बलूचिस्तान की राजधानी के व्यस्त 'ईस्टर्न बाइपास रोड' पर हुआ। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने एक मोटरसाइकिल में विस्फोटक सामग्री रखकर उसे दवा दुकान के बाहर खड़ा किया था।

उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने इस क्षेत्र में तनाव उत्पन्न करने के लिए आम लोगों को लक्षित करके इस वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि इस इलाके में आतंकवादी इस तरह की वारदातों को अंजाम देते रहते हैं।

अभी तक किसी भी समूह या व्यक्ति ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन पूर्व में इस तरह की वारदातों को अंजाम बलूच नेशनलिस्ट समूह के आतंकवादी देते रहे हैं।

## शांति स्थापना की खातिर तालिबान से मुलाकात करेंगे इमरान

**वॉशिंगटन।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को कहा कि वह अफगानिस्तान में 18 साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों के तहत स्वदेश लौटने के बाद तालिबान के साथ मुलाकात करेंगे। खान ने अमेरिका की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा के दौरान यहां कहा कि उन्होंने अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी से भी मुलाकात की है। उन्होंने कहा,''अब स्वदेश लौटने पर मैं तालिबान से मुलाकात करूंगा और उन्हें अफगानिस्तान सरकार के साथ बातचीत करने की खातिर राजी करने के प्रयास करूंगा।''इससे पहले, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में खान की मेजबानी की। खान ने 'यूएस इंस्टीट्यूट फॉर पीस' में कहा कि जुलाई 2018 में चुनाव में उन्हें मिली जीत के बाद इस्लामी अतिवादी अफगान तालिबान ने उनसे संपर्क किया था,



लेकिन उन्होंने उस समय मुलाकात नहीं की थी क्योंकि काबुल इसके पक्ष में नहीं था। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने उनसे इसलिए संपर्क किया ''क्योंकि मैंने हमेशा कहा है'' कि अफगानिस्तान में युद्ध का ''कोई सैन्य समाधान नहीं'' है। खान ने कहा, ''इसलिए वे मुझ पर कुछ हद तक विश्वास करते हैं।'' उन्होंने आतंकवादियों के बारे में सचेत करते हुए कहा कि कोई केंद्रीकृत कमान नहीं होने के कारण यह आसान नहीं होगा।अफगानिस्तान में अमेरिका के शांति दूत ज़लमय खलीलजाद ताजा वार्ता के लिए सोमवार को काबुल रवाना हुए, जहां से वह कतर के दोहा जाएंगे। खलीलजाद ने पिछले साल तालिबान के साथ कई बैठकें कीं। उन्होंने हाल में दोहा में नौ जुलाई को बैठक की थी।

## उनकी सरजमीं पर सक्रिय थे 40 आतंकी ग्रुप

### » पाक पीएम इमरान खान ने माना

**वॉशिंगटन।** पाकिस्तान के पीएम इमरान खान ने अमेरिकी सांसदों को संबोधित करते हुए मंगलवार को बड़ा खुलासा किया है। पाक पीएम ने कहा कि उनकी सरजमीं पर 40 आतंकी समूह सक्रिय थे। इमरान खान ने कैप्टन हिल में अमेरिकी सांसदों को संबोधित करते हुए कहा, हम आतंक के खिलाफ अमेरिका की लड़ाई लड़ रहे हैं। पाकिस्तान का 9/11 से कोई लेना-देना नहीं था।

उन्होंने कहा, अल-कायदा अफगानिस्तान में है। पाकिस्तान में कहीं भी तालिबानी आतंकवाद नहीं था, लेकिन हमने अमेरिका के युद्ध में हिस्सा लिया। दुर्भाग्य से जब चीजें गलत दिशा में बढ़ रही थी तो हमने अमेरिका को कभी जमीनी हकीकत से वाकिफ नहीं कराया। इसके लिए मैं अपनी सरकार को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराता हूं।

इमरान खान ने मंगलवार को कहा कि उनके देश में पिछली सरकारों ने अमेरिका को सच नहीं बताया खासतौर से पिछले 15 वर्षों में। साथ ही उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में 40 अलग-अलग आतंकवादी समूह सक्रिय थे। लेकिन हम अमेरिका की लड़ाई में शामिल हुए।

वह कांग्रेसनल पाकिस्तान कॉकस की अध्यक्ष शीला जैक्सन ली द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। ली भारत और भारतीय अमेरिकियों पर कांग्रेस के कॉकस की भी सदस्य हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने कहा, पाकिस्तान में 40 अलग-अलग



आतंकवादी समूह सक्रिय थे। पाकिस्तान ऐसे दौर से गुजरा है, जहां हमारे जैसे लोग चिंतित थे कि क्या हम (पाकिस्तान) इससे सुरक्षित निकल पाएंगे। इसलिए जब अमेरिका हमसे और करने और अमेरिका की लड़ाई को जीतने में हमारी मदद की आशा कर रहा था उसी वक्त पाकिस्तान अपना अस्तित्व बचाने के लिए लड़ रहा था।

उन्होंने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण था कि वह राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और अन्य शीर्ष अमेरिकी नेताओं से मिलें। उन्होंने कहा, हमने उन्हें बताया कि आगे बढ़ने के लिए हमारे रिश्ते आपसी विश्वास पर आधारित होने चाहिए। खान ने कहा कि उन्होंने अमेरिका को ईमानदारी से बताया कि पाकिस्तान शांति प्रक्रिया में क्या कर सकता है।

उन्होंने कहा कि वह इस वार्ता को शुरू करने के लिए तालिबान को राजी करने के वास्ते अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं। अमेरिका के तीन दिन के व्यस्त दौरे के आखिरी कार्यक्रम में खान ने उम्मीद जताई कि अब अमेरिका-पाक संबंध अलग स्तर पर हैं। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा, दोनों देशों के बीच शक-शुबहा को देखना दुखद है।